हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 22 मई 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 देवास पुलिस की कार्रवाई: दिल्ली एयरपोर्ट...



09 बरसात से पहले एक्शन मोड में नपा, शहर में ...



### खबर संक्षेप में

## घर के बाहर खड़ी बाइक मिनटों में गायब



**कानड़।** नगर में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। गोंदी चौराहा सय्यद गली में हाजी सय्यद ज़ाकिर अली ने अपनी मोटरसाइकिल एमपी 70 एम,सी, 8165 घर के बाहर खड़ी कर कुछ देर के लिए घर के अंदर गया, लेकिन जब वापस बाहर आए तो बाइक गायब मिली। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। हाजी सय्यद जाकिर अली ने आसपास तलाश की, लेकिन मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं लगा। बाद में क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए, जिनमें संदिग्ध युवक बाइक ले जाते दिखाई दिए। घटना के बाद लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। नागरिकों का कहना है कि नगर में लगातार बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन चोर अब तक पुलिस गिरफ्त से दूर हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार चोर अब सुनसान ही नहीं, बल्कि आबादी वाले इलाकों को भी निशाना बना रहे हैं। दिनदहाड़े हो रही घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है। कई वाहन मालिक अब अपनी बाइक घर के अंदर रखने को मजबूर हो गए हैं। व्यापारियों और रहवासियों ने पुलिस प्रशासन से नगर के प्रमुख चौराहों पर संदिग्ध लोगों पर निगरानी रख बगैर नम्बर की सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों के दस्तावेज की जांच की मांग कर नगर में खांकी का खोप बनाने की मांग की।

## राजीव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा की



**नलखेड़ा।** संचार क्रांति के जनक, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में कांग्रेस जनों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर 21 मई को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नलखेड़ा नगर कांग्रेस कमेटी नलखेड़ा राजीव गांधी स्मृति मंच के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

### वर्तमान में प्रबंधन शासकीय मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति देखती

# प्रदेश के प्रमुख मंदिरों की तरह मां बगलामुखी मंदिर पर व्यवस्था प्रबंधन के लिए ट्रस्ट बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

प्रदेश के कई प्रमुख मंदिरों अथवा धर्म स्थलों के प्रबंधन के लिए ट्रस्ट बने हुवे है जिससे वे वहाँ मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के साथ ही निर्माण कार्य भी करवा सकते है। ऐसे ही विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर के प्रबंधन के लिए भी एक ट्रस्ट बनाया जाना चाहिए। जिससे यहाँ की कई समस्याओं का हल हो सकता है। वर्तमान में यहाँ का प्रबंधन शासकीय माँ बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति देखती है जिसे सीमित अधिकार है जिसके कारण समस्याओं का निदान नही हो पाता है। कहने को तो नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर धार्मिक पर्यटन केंद्र है। लेकिन यहाँ दर्शनार्थियों को मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नही है जबकि यहाँ प्रतिदिन देशभर के साथ ही विदेशों से भी हजारों भक्त माता के दर्शनार्थ पहुंचते है। विगत कुछ वर्षो में मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शनार्थियों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। बढ़ी हुई संख्या के मान से प्रबंध समिति को सीमित अधिकार होने से कई मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने में परेशानियो का सामना करना पड़ता है। विकास कार्य करवाने के लिए भी समस्या सामने आती है। जबकि समिति के पास धनराशि की कोई कमी नही है। ऐसी परिस्थिति में दर्शनार्थियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने व मंदिर व्यवस्थाओं के संचालन के लिए मां



बगलामुखी मंदिर हेतु शासन के मप्र विनिर्दिष्ट मंदिर विधेयक,2019 के तहत ट्रस्ट बनाने की आवश्यकता है।

वर्तमान में प्रबंध समिति में केवल शासकीय सदस्य या पदाधिकारी है जिनमे डिप्टी कलेक्टर अथवा एसडीएम रेंज के अधिकारी अध्यक्ष एवं तहसीलदार सचिव होते है। अन्य विभागों के प्रमुख इसके सदस्य होते है। इसमें अशासकीय सदस्य नही है। अब चूंकि राजस्व विभाग के दो प्रमुख इसके पदाधिकारी होते है इसलिए वे मंदिर प्रबंधन पर अधिक ध्यान नही दे पाते है क्योंकि उनके विभागीय कार्य ही इतने होते है कि वे भी समय सीमा में पूर्ण नही हो पाते है। ऐसे में मंदिर प्रबंधन के कार्य का बोझ और उन पर आ जाता है। दूसरी बड़ी समस्या यह आती है कि प्रबंध समिति में अशासकीय सदस्य नही होने पर मंदिर की धार्मिक मान्यताओं, यहाँ की मूलभूत समस्याओं एवं उनके निदान की अधिक जानकारी अधिकारियों को नही हो पाती है। क्योंकि थोड़े थोड़े समय मे अधिकारी के तबादले होते रहते है। वे यहाँ की आवश्यकताओं को समझ पाते है इससे पहले उनका तबादला हो जाता है। ऐसे में उनके कई निर्णयों पर भी उंगली उठती रहती है और मनमानी के आरोप लगते रहते है। अब माँ बगलामुखी मंदिर पर दर्शनार्थियों की संख्या को देखते हुवे यहाँ की व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए एक ट्रस्ट की आवश्यकता है जिसका गठन शासन के नियमानुसार किये जाने की आवश्यकता है। ट्रस्ट में शासकीय पदाधिकारियों के साथ ही अशासकीय सदस्य भी नियुक्त होते है जोकि स्थानीय आवश्यकताओ एवं समस्याओं से भली भांति परिचित होते है इसलिए उनका निदान भी आसानी से कर सकते है। इससे शासकीय अधिकारियों पर भी अतिरिक्त कार्य का बोझ कम होगा विभागीय कार्यो पर भी अधिक ध्यान दे सकेंगे। इसके साथ ही प्रबंध समिति की तुलना में ट्रस्ट के पास अधिकार भी अधिक होंगे। उज्जैन सिहंस्थ 2028 के पूर्व माँ बगलामुखी मंदिर के प्रबंधन के लिए ट्रस्ट का गठन किया जाना चाहिए।

### भीषण गर्मी में राहत मिलेगी

# मंदिर परिसर के वाटर कूलरों की सफाई प्रारंभ, ठंडा पानी मिलेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

गुरुवार को हरिभूमि में गर्मी में वाटर कूलर दे रहा है गर्म पानी, दर्शनार्थी परेशान नामक शीर्षक से प्रमुखता से समाचार प्रकाशन के बाद जिम्मेदार गहरी नींद से जागे और मंदिर परिसर में लगे वाटर कूलरों की सफाई का कार्य प्रारंभ करवाया। इस भीषण गर्मी में विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पर पहुंचने वाले भक्तों को अपनी प्यास बुझाने के लिए ठंडा पानी तक उपलब्ध नही होने, मंदिर परिसर में लगे अधिकांश वाटर कूलर से गर्म पानी आने एवं सुविधाघर में पसरी गंदगी को लेकर गुरुवार को हरिभूमि में प्रमुखता से समाचार प्रकाशन के बाद मंदिर परिसर में रखे वाटर कूलरों की साफ सफाई व रखरखाव का कार्य प्रारंभ हुआ। गौरतलब है कि मंदिर परिसर में रखे वाटर कूलरों में अधिकांश दानदाताओं द्वारा प्रदान किये गए है लेकिन प्रबंध समिति इनका


गर्मी में वाटर कूलर दे रहा गर्म पानी, दर्शनार्थी परेशान

रखरखाव भी नही कर पा रही है। नतीजन भक्तों की प्यास बुझाने के लिए नगर के कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं मंदिर पर पुरोहित का कार्य करने वाले कुछ पंडितों को सिंह द्वार पर शीतल पानी की प्याऊ लगाने को मजबूर होना पड़ा जहाँ भक्त अपना गला तृप्त कर रहे है साथ ही कतार में लगे भक्तों को भी वही पहुंचकर ठंडा पानी पिलाया जा रहा है।

### ऑनलाइन दवा बिक्री और होम डिलीवरी का विरोध

# कानड़ में दिखा आंदोलन का असर संचालकों ने मेडिकल स्टोर बंद रखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

ऑनलाइन दवा बिक्री एवं होम डिलीवरी के विरोध में बुधवार को प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत कानड़ सहित जिलेभर में मेडिकल स्टोर्स बंद रहे। एक दिवसीय सांकेतिक बंद के कारण नगर में सभी मेडिकल दुकानें पूरे दिन बंद रहीं, जिससे दवा लेने पहुंचे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग मेडिकल स्टोर बंद मिलने पर निराश होकर लौटते नजर आए। हालांकि सरकारी अस्पतालों में निशुल्क दवा वितरण केंद्र खुले रहे और मरीजों को उपचार के बाद दवाएं उपलब्ध कराई गईं। मेडिकल संचालकों ने बताया कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से बिना वैध चिकित्सकीय परामर्श एवं ई-प्रिस्क्रिप्शन के दवाओं की बिक्री जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। साथ ही भारी छूट एवं प्रिडेटरी प्राइसिंग के कारण छोटे दवा व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है।व्यापारियों का कहना है कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 एवं नियम 1945 में ऑनलाइन दवा बिक्री का स्पष्ट प्रावधान नहीं होने के बावजूद लंबे समय से ऑनलाइन माध्यम से दवाओं की बिक्री की जा रही है। इससे नकली एवं अवैध दवाओं के आम लोगों तक पहुंचने की आशंका बनी रहती है।इस दौरान व्यापारियों ने ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने, बिना वैध प्रिस्क्रिप्शन दवा




वितरण पर रोक लगाने तथा संबंधित अधिसूचनाओं को वापस लेने की मांग की। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार द्वारा उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आगे आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# भागवत कथा श्रवण मात्र से कई पापों से मुक्ति मिलती: कोकिल पुष्प महाराज

### केपी परिसर में चल रही श्रीमद भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

भागवत कथा मोक्षदायिनी है जो इसको भक्ति भाव के साथ सच्चे मन से सुनता है उसका विवेक जागृत हो जाता है। भागवत कथा श्रवण मात्र से कई पापों से मुक्ति मिलती है। जीवन में गुरु एवं सद्गुरु का होना जरूरी है क्योंकि गुरु जीवन जीने की राह दिखाते हैं वहीं सद्गुरु इस दलदल रुपी संसार से निकालकर आपको परमात्मा से जोड़ते हैं। मां बगलामुखी की पावन धरा पर पुरुषोत्तम मास मे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन के पी परिसर में चल रहा है। जहां पर कथा व्यास श्री श्री 108 कोकिल पुष्पजी महाराज श्रीधाम वृंदावन अपने मुखारविंद से भक्तों





को भागवत कथा का श्रवण करवा रहे हैं। संत श्री ने कहा कि भागवत कथा मोक्षदायिनी है। उन्होंने भागवत कथा श्रवण करने के नियम भी उपस्थित भक्तों को बताएं। और कहा कि मनुष्य संसार के रंगों में रंग जाता है और मोह माया काम क्रोध एवं लालच के वशीभूत होकर अपने जीवन के लक्ष्य को भूल जाते हैं। वह यहां भी भूल जाता है कि उसको यहां अमूल्य मानव जीवन क्यों प्राप्त हुआ है। परमात्मा ने हमें यह जीवन परोपकार, ईश्वर भक्ति, धर्म आराधना करने के लिए दिया है जिसे हमें सफल बनाना चाहिए। लेकिन जीव इस नश्वर संसार तथा परिवार के प्रति आसक्ति रखकर कई योनियों में भटकता रहता है लेकिन उसे मुक्ति नहीं मिल पाती है। इसीलिए भागवत कथा श्रवण मात्र से कई पापों से मुक्ति तो मिलती ही है साथ ही जो सच्चे मन से इसको सुनता है उसका विवेक भी जागृत हो जाता है। संत श्री ने कहा कि जीवन में यदि भक्ति की ओर यहां मन अग्रसर हो जाता है तो ईश्वर प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त हो जाता है। नगर में चल रही इस सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के आयोजक अशोक कुमार यशराज खंडेलवाल परिवार है जिनके द्वारा प्रतिदिन भागवत जी की पूजन तथा आरती की जा रही है। सात दिवसीय कथा के इस आयोजन के दौरान 21 मई को कथा स्थल पर खाटू श्याम का दरबार सजाया गया। जहां पर प्रसिद्ध भजन गायक मनोज निमजे इंदौर द्वारा खाटू श्यामजी के भजनों की प्रस्तुति दी गई। 24 मई तक रात्रि 7:00 बजे से तीन दिवसीय रासलीला की प्रस्तुति श्री धाम वृंदावन द्वारा की जाएगी।

### अतिक्रमणकारियों पर तत्काल हो सख्त से सख्त कार्रवाई

# अवैध पार्किंग से जनता को तुरंत निजात दिलाए नगर पालिका व जिला प्रशासन : पंकज शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

बुधवार को जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने सीहोर नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम संबोधित एक ज्ञापन नपा सीएमओ सुधीर सिंह को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसजनों ने सीहोर नगर में बेसहारा मवेशियों, सड़क पर अतिक्रमण और फुटपाथ एवं सड़क पर बेतरतीब पार्किंग किए जाने से बढ़ रहे हादसों की ओर जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया।

इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पंकज शर्मा ने बताया कि सीहोर नगर में बेसहारा मवेशियों, सड़क पर पक्के-कच्चे अतिक्रमण तथा फुटपाथ एवं सड़क पर बेतरतीब तरीके से पार्किंग किए जाने से ना केवल पैदल चलने वालों को परेशानी होती है, बल्कि वाहनों के चलने के लिए भी सड़क पर



बहुत ही कम जगह बचती है, जिससे भयानक हादसों का खतरा बना रहता है। पंकज शर्मा ने कहा कि विशेषकर हाऊसिंग बोर्ड रेलवे ओवरब्रिज से लेकर इंदौर नाका और भोपाल नाका से कोतवाली चौराहा सहित मुरली रोड पर बड़े-बड़े मॉल और शॉपिंग कॉप्लेक्स बन गए हैं, जिनमें पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे यहां आने वाले लोग सड़क पर वाहन पार्क करते हैं, जो कि हादसों का कारण बनता है। पंकज शर्मा ने आगे कहा कि इसके अलावा लोगों द्वारा सड़क पर किए गए पक्के-कच्चे अतिक्रमण और बेसहारा मवेशियों के इधर-उधर विचरण करने से भी कई गंभीर हादसे होते हैं, विशेषकर त्यौहारों के सीजन में और रात के समय हादसों का खतरा बहुत ज्यादा बढ़ जाता है, जिससे लोगों को जान-माल का भी काफी नुकसान होता है और कई बार तो हादसे इतने गंभीर होते हैं कि लोगों की जान भी चली जाती है, इन सभी कारणों से कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं, तो कईयों को स्थाई विकलांगता का शिकार होकर दूसरों पर निर्भर होकर अपना जीवन जीना पड़ रहा है। पंकज शर्मा ने सीहोर जिला प्रशासन और नगरपालिका से जनहित की इन सभी मांगों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई करने तथा सीहोर नगर की जनता को इन सभी समस्याओं से तुरंत मुक्ति दिलाने हेतु ठोस कदम उठाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से सीहोर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम यादव, पार्षद विवेक राठौर, पार्षद इरफान लाला, भोपाल नाका मंडलम अध्यक्ष अरुण मालवीय आदि कांग्रेसजन शामिल हैं।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने आयोजन किया

# पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

नगर में सारंगपुर रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष की नितिन पालीवाल के के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर राजीव गांधी की तस्वीर पर पुष्पमाला एवं पुष्प अर्पित कर राजीव गांधी को याद किया।इस अवसर पर अनुसूचित जाति कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरीशंकर सूर्यवंशी ने उनके विचार रखेपुण्यतिथि के अवसर पर नवनियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति गौरीशंकर सूर्यवंशी एवंकिसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नटवर सिंह राजपूत का पुष्प माला पहनाकर साफा बांधकर सम्मान किया गया।उपस्थित सभी कांग्रेस पदाधिकारी ने राजीव गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए।इस अवसर पर उपस्थित यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष पीयूष पालीवाल, अवतार सिंह गुर्जर सरपंच, रमेश सौराष्ट्रीय महेश शर्मा,विकास शर्मा, बद्रीलाल मालवीय जनपद सदस्य अगर राजेंद्र सिंह राजपूत राधेश्याम मालवीय आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### फांसी पर झूला युवक, कुछ माह पहले हुई थी शादी

**देवास।** नागदा गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार रात को हुई, जिसकी जानकारी गुरुवार सुबह परिजनों को मिली। शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया गया और फिर परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की पहचान नागदा निवासी 22 वर्षीय रंजीत पिता चिरौंजीलाल के रूप में हुई है। गुरुवार सुबह जब उसकी मां चाय देने कमरे में पहुंचीं, तो उन्होंने रंजीत को फंदे पर लटका पाया। सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। रंजीत डाकाच्या के पास एक कंपनी में कार्यरत था। लगभग सात माह पहले ही उसका विवाह लसुडिया परमार निवासी एक युवती से हुआ था।

### जिला खेल अधिकारी ने किया निरीक्षण

**देवास।** जिला खेल एवं युवक कल्याण अधिकारी सेना गडरिया द्वारा दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, शिप्रा में आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य इंद्रनील बनर्जी, कॉर्डिनेटर हेड सपना, खेल एवं युवक कल्याण विभाग देवास के ब्लॉक प्रमुख युनुस खान, शिप्रा ग्रामीण खेल प्रभारी राजेश बराना आदि उपस्थित रहे।

### चीन से लौटते ही दबोचा गया टोंककला विस्फोट कांड का मुख्य जिम्मेदार

# देवास पुलिस की कार्रवाई: दिल्ली एयरपोर्ट से मुख्य आरोपी मुकेश विज गिरफ्तार

अब तक इस मामले में मुख्य आरोपी सहित कुल पांच आरोपियों की गिरफ्तारी छह दिनों के अंदर हुई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

टोंककला पटाखा फैक्ट्री विस्फोट प्रकरण में फरार चल रहे मुख्य आरोपी मुकेश विज को देवास पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की सतर्कता और तकनीकी निगरानी के जरिए गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। चीन के ग्वांग्झू से भारत लौटते ही आरोपी को नई दिल्ली एयरपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सख्त निर्देश एवं डीजीपी कैलाश मकवाना के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस अनुसार टोंककला पटाखा फैक्ट्री विस्फोट मामले में फरार दिल्ली निवासी मुख्य आरोपी मुकेश विज के खिलाफ देवास पुलिस ने पहले ही "लुक आउट सर्कुलर" जारी कराया था। इसी के आधार पर आरोपी की एयरपोर्ट पर पहचान संभव हो सकी।

जैसे ही वह 21 मई की सुबह चीन से फ्लाइट द्वारा नई दिल्ली पहुंचा, पहले से अलर्ट देवास पुलिस की विशेष टीम ने उसे हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान एक अन्य फरार आरोपी महेश चौहान निवासी उत्तराखंड को भी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों से घटना से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद ने इस हाई प्रोफाइल मामले की पेशेवर विवेचना, वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 13 सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया था। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर 10-10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। एसआईटी लगातार दिल्ली सहित विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। गौरतलब है कि घटना के 24 घंटे के भीतर ही फैक्ट्री लाइसेंसी अनिल मालवीय और मुख्य ठेकेदार मोहम्मद अयाज को गिरफ्तार कर लिया गया था। वहीं दो दिन पहले फैक्ट्री के संयुक्त संचालक कपिल विज को भी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। अब तक इस मामले में मुख्य आरोपी सहित कुल पांच आरोपियों की गिरफ्तारी छह दिनों के भीतर की जा चुकी है। पूरे प्रकरण की निगरानी एडीजी उज्जैन जोन राकेश गुप्ता एवं डीआईजी उज्जैन रेंज नवनीत भसीन द्वारा लगातार की जा रही है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के नेतृत्व में देवास पुलिस मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही गई है।

# 30 साल की सेवा पूर्ण कर गृह ग्राम लौटे कैप्टन पोप सिंह

### जगह-जगह स्वागत किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरासा

ग्राम कुलाला निवासी सैनिक कैप्टन पोप सिंह यादव के भारतीय सेना में 30 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा पूर्ण कर गृह ग्राम लौटने पर भौंरासा नगर सहित ग्राम कुलाला में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। सैनिक यादव के भौंरासा फाटे पर पहुंचने पर उन्होंने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नगर में प्रवेश किया। यहां पार्षद सचिन यादव एवं राजेंद्र यादव आचार्य के नेतृत्व में स्वागत समारोह आयोजित हुआ। स्वागत करने वालों में नगजीराम यादव, मिथुन यादव, राजेंद्र यादव, दौलत यादव, कैलाश यादव, करण सिंह यादव, नरबत यादव, सहित कई लोग मौजूद रहे।इसके पश्चात श्रीकृष्ण यादव मिल्क सेंटर पर दौलत यादव मित्र मंडल द्वारा स्वागत किया गया। रपट क्षेत्र में डॉ. मोहन माली, विनायक माली, डॉ. संजू माली एवं मौसम माली द्वारा स्वागत किया गया। वहीं नगर परिषद उपाध्यक्ष जयसिंह राणा एवं उनके मित्र मंडल ने साफा बांधकर और पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया। भंवरनाथ मार्ग पर धर्मेंद्र राठौर द्वारा भी स्वागत किया गया।इसके बाद ग्राम पंचायत कुलाला के कोलू चौक स्थित महाकाल ऑनलाइन पंचायत कार्यालय के पास भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पूरे रास्ते ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर सैनिक का स्वागत किया। युवाओं में देशसेवा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने कैप्टन पोप सिंह यादव को खुली जीप में खड़ा कर जुलूस निकाला, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

# मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ संगठन का विस्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड




नगर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक कन्नौद द्वारा पत्रकार परिचय पत्र वितरण एवं संगठन विस्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। आयोजन के दौरान पत्रकारों को परिचय पत्र वितरित किए गए तथा संगठन विस्तार के तहत विभिन्न पदों पर नियुक्तियां कर नियुक्ति पत्र सौंपे गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक गणपत पटेल रहे। विशिष्ट अतिथियों में मनोज होलानी, राजाराम कन्नौजे, टीआई आराधना रायकवार, विधि सिरोलिया, मुकेश चौबे, टिंकी बारेला सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। संभाग अध्यक्ष मनोज जैन ने अपने संबोधन में संगठन की गतिविधियों एवं पत्रकार हित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के नेतृत्व में संगठन पूरे प्रदेश में तेजी से विस्तार कर रहा है। उन्होंने आगामी 24 जून 2026 को देवास में आयोजित होने वाले विशाल पत्रकार अधिवेशन में अधिक से अधिक पत्रकार साथियों से शामिल होने का आह्वान किया।संगठन विस्तार के अंतर्गत मनोज डाबी को ब्लॉक सचिव, डॉ. बाबूलाल चौधरी, आनंद योगी एवं आकाश सेठी को ब्लॉक उपाध्यक्ष, अरविंद भूतड़ा को ब्लॉक सह सचिव तथा राजकुमार मोदी को ब्लॉक कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

# चाणक्यपुरी में राम मंदिर के पास स्थित ट्रांसफार्मर में आग लगी, 30 सेकंड तक होते रहे ब्लास्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मेढक़ी रोड स्थित चाणक्यपुरी में राम मंदिर के पास गुरुवार को एक ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद ट्रांसफार्मर में लगातार कई धमाके हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग पहले ट्रांसफार्मर के निचले हिस्से में लगी और देखते ही देखते पूरी डीपी (डिस्ट्रीब्यूशन पॉइंट) और नीचे लगी केबलों को अपनी चपेट में ले लिया। करीब 30 सेकंड तक लगातार धमाके होते रहे। धमाकों के कारण आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और एहतियात के तौर पर डीपी के पास से लोगों की आवाजाही रोक दी गई।क्षेत्र के रहवासी आदित्य जैन ने बताया कि सुबह से इलाके में बिजली मेंटेनेंस का काम चल रहा था। बिजली आपूर्ति बहाल होने के करीब दस मिनट बाद ही ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत बिजली कंपनी को सूचना देकर बिजली आपूर्ति बंद करवाई। इसके बाद नगर निगम की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, हालांकि ट्रांसफार्मर और केबलों को नुकसान पहुंचा है।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरासा

गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में किया गया।कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नगजीराम यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेशचंद्र इनानी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़, मंडलम अध्यक्ष दिनेश चौहान, राजीव गांधी पंचायत राज जिला उपाध्यक्ष रमेशचंद्र गुर्जर, पार्षद भादर सिंह भाटिया, पार्षद अफजल मंसूरी, मंडल अध्यक्ष अर्जुन गुर्जर, उमेश धाकड़ सहित अन्य कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।इस दौरान सभी कांग्रेस नेताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम यादव ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी देश में संचार क्रांति के जनक थे। आज देश में जो डिजिटल क्रांति दिखाई दे रही है, उसकी नींव उन्होंने ही रखी थी। उन्होंने अपने अल्प कार्यकाल में युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए।

### अवैध मदिरा संग्रहण व विक्रय के विरुद्ध आबकारी ने पांच प्रकरण किए दर्ज



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी वृत्त सोनकच्छ के भौंरासा एवं सोनकच्छ में गस्त के दौरान एक मोटर साइकिल पल्सर पर एक पेटी बियर कैन का परिवहन करते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा गया तथा अन्य संदिग्ध स्थानों पर सर्चिंग की गई।जिसमे कुल 05 प्रकरण आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज किए गए। कार्यवाही में 01 पेटी विदेशी मदिरा बियर पाव विदेशी मदिरा व्हिस्की एवं 70 पाव देशी मदिरा प्लेन जप्त किया गया। जप्त सामग्री एवं वाहन का मूल्य 92 हजार 500 रुपये है I कार्यावाही में आबकारी उपनिरीक्षक प्रेम यादव, आबकारी मुख्य आरक्षक राजाराम रायकवार आबकारी आरक्षक निकिता परमार, सैनिक किशोर शामिल थे। आबकारी विभाग द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# कांग्रेसजनों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़




नगर कांटाफोड़ में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा शक्ति स्थल पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके देश के प्रति योगदान को याद किया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता मनोज होलानी ने संबोधित करते हुए कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक सोच और नई तकनीकी दिशा प्रदान की। उन्होंने संचार क्रांति की नींव रखकर भारत को डिजिटल युग की ओर अग्रसर किया। वहीं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विष्णु मीणा ने कहा कि राजीव गांधी ने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूती देकर गांवों और आमजन को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया। उनका योगदान सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश अमोदिया,मुकेश राठौर,राजाराम यादव,गुलाब सिसोडिया, अंकुश शायडा ,चेतन मीणा , अभिषेक जोशी ,ललित सोनी,अर्पित जायसवाल एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

### स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम अलर्ट: खुले में कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई होगी

# स्वच्छता में देवास को फिर पुरस्कार दिलाने के लिए प्रयास तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

स्वच्छता सर्वेक्षण में एक बार फिर बेहतर प्रदर्शन करने और शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के उद्देश्य से बुधवार को नगर निगम सभाकक्ष में स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में हुई इस बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था, बारिश पूर्व तैयारियों और नागरिक सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने सफाई व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें पूरी जिम्मेदारी के साथ स्वच्छता कार्य में जुटने के लिए प्रेरित किया। दुर्गेश अग्रवाल ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा, कि कचरा वाहन समय पर प्रत्येक वार्ड में पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने खुले में कचरा फेंकने वालों पर सख्त चालानी कार्रवाई करने के लिए भी कहा। सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई और निगरानी पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में देवास नगर निगम को दोबारा पुरस्कार मिले, इसके लिए निगम अमले के साथ-साथ आम नागरिकों की सहभागिता भी जरूरी है।



### बारिश से पहले नालों की सफाई और जलभराव रोकने पर फोकस

स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेंद्रसिंह बैस ने बारिश के पहले शहर के बड़े और छोटे नालों की सफाई कार्य समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां जल जमाव की समस्या रहती है, उन स्थानों को चिन्हित कर पानी निकासी की स्थायी व्यवस्था की जाए। बैठक में बिना लाइसेंस मांस विक्रय करने वालों पर कार्रवाई करने और सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कदम उठाने की बात भी कही गई। विधायक व महापौर प्रतिनिधि अग्रवाल ने कहा, कि स्वच्छ और सुंदर देवास केवल नगर निगम की नहीं, बल्कि पूरे शहर की जिम्मेदारी है। सभी के सहयोग से देवास निश्चित रूप से स्वच्छता में नई पहचान बनाएगा।

### बैठक में इन बिंदुओं पर भी हुई चर्चा

- पोकलैन मशीनों से बड़े नालों की सफाई कार्य की नियमित मॉनिटरिंग
- नालों से निकली गाद समय पर हटाने के निर्देश
- बारिश पूर्व कंट्रोल रूम स्थापित करने की तैयारी
- निगम के कचरा वाहनों की टूटफूट तत्काल वर्कशॉप में सुधारने के निर्देश
- आमजन की सफाई संबंधी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई पर जोर।
- शहर की सुंदरता और स्वच्छता के लिए अवैध फ्लैक्स और बैनर हटाने पर जोर दिया।

### ये थे उपस्थित-

बैठक में निगम स्वास्थ्य समिति सदस्य भूपेश ठाकुर, महेश फुलेरी, निगम उपायुक्त आरती खेड़ेकर, प्रभारी कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, स्वच्छता नोडल सौरभ त्रिपाठी, स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार, हेमंत उबनारे, भूषण पंवार, ओमप्रकाश पथरोड़, शंकर सांगते, राजेश कौशल सहित निगम स्वच्छता टीम उपस्थित रही।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिला अस्पताल में सोनोग्राफी के समय को बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक और दोपहर बाद सायं 3 बजे से 5 बजे तक सोनोग्राफी की जाए। जिससे जिले के दूर-दराज से आने वाली गर्भवती महिलाओं को सुविधा मिल सकें। बैठक में मरीजों और विशेषकर गर्भवती महिलाओं की लसुविधा के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कलेक्टर ने जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को बिना किसी देरी के रक्त उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इसके लिए उन्होंने रेडक्रॉस के ब्लड बैंक के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, रक्त की उपलब्धता बनाए रखने के लिए सभी सरकारी विभागों को रक्तदान सुनिश्चित करने हेतु एक वार्षिक रोस्टर तैयार करने के लिए कहा। मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर ने सिविल सर्जन को जिला अस्पताल में फायर सेफ्टी, इलेक्ट्रिक सेफ्टी और लिफ्ट सेफ्टी ऑडिट जल्द से जल्द करवाने के सख्त निर्देश दिये।

## खबर संक्षेप

### प्रताड़ना से परेशान युवक ने फांसी लगाई

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी क्षेत्र के ग्राम सिंदवाहा में मानसिक उत्पीडऩ और लगातार मिल रही धमकियों से परेशान एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिंदवाहा निवासी प्रीतम कुशवाहा पुत्र देवी ने बताया कि 11 मई 2026 को उनके घर में शादी समारोह आयोजित था। इसी दौरान गांव निवासी भागीरथ कुशवाहा का रिश्तेदार म.प्र. जिला सागर के ग्राम कनेरा निवासी राहुल उर्फ विवेक पुत्र दशरथ कुशवाहा समारोह में आया हुआ था। आरोप है कि राहुल उनकी नाबालिग भतीजी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भागीरथ कुशवाहा, उसकी पत्नी सीमा तथा राहुल के पिता दशरथ लगातार रमेश पर केस वापस लेने का दबाव बना रहे थे और उसे धमकियां देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। आहत होकर रमेश कुशवाहा 18 मई को घर से निकला और गांव के पास स्थित एक बगीचे में बेल के पेड़ से रस्सी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली।

### युवती की फोटो वायरल करने का आरोप

**ललितपुर।** सोशल मीडिया के जरिए महिलाओं और युवतियों को बदनाम करने के मामलों पर ललितपुर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए एक युवक के खिलाफ आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने आरोप लगाया है कि युवक ने उसकी फोटो फेसबुक पर पोस्ट कर उसकी सामाजिक छवि धूमिल करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का प्रयास किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर साइबर जांच शुरू कर दी है। युवती ने तहरीर में बताया कि थाना सौजना क्षेत्र के ग्राम गौना निवासी कप्तान राजा बुन्देला उर्फ कप्तान सिंह बुंदेला उसे लंबे समय से परेशान कर रहा है। आरोपी ने कथित रूप से उसकी फोटो अपनी फेसबुक आईडी कुं.कप्तान सिंह बुंदेला पर पोस्ट कर दी, जिससे उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी सोशल मीडिया पर आए दिन अभद्र और आपत्तिजनक गतिविधियां करता रहता है। फेसबुक पर फोटो पोस्ट किए जाने के बाद गांव और समाज में उसकी बदनामी हुई है, जिससे वह मानसिक तनाव में है। युवती ने पुलिस को दी गई शिकायत में यह भी आशंका जताई है कि यदि भविष्य में उसके साथ कोई अप्रिय घटना या अनहोनी होती है तो उसका जिम्मेदार केवल आरोपी कप्तान राजा बुन्देला होगा।

### खेत के बाड़े से 3 भैंसों समेत 5 मवेशी चोरी

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर में किसान के खेत पर बने बाड़े से लाखों रुपये कीमत के मवेशी चोरी होने का मामला सामने आया है। ग्राम दौलतपुर निवासी राजनसिंह पुत्र शिवराज सिंह यादव ने तहरीर में बताया कि 17 मई की रात उनके खेत पर बने बाड़े से चोर तीन भैंसें, एक पड़वा और एक पडिय़ा चोरी कर ले गए। घटना के समय सभी मवेशी बाड़े में बंधे हुए थे। सुबह जानकारी होने पर पीड़ित ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित द्वारा की गई खोजबीन में यह बात सामने आई कि उत्तमधाना निवासी रामजी कुशवाहा निवासी फूलबाग एवं अरबाज अपने अन्य साथियों के साथ दिन में गांवों में घूमकर किसानों के बाड़ों की रेकी करते हैं और रात के समय गाड़ी में मवेशियों को लादकर चोरी कर ले जाते हैं। आरोप लगाया गया है कि चोरी किए गए पशुओं को ललितपुर कोतवाली क्षेत्र के मैलवाराकलां निवासी महेंद्र राजा को सौंपा जाता है। इसके बाद वह उन्हें झांसी निवासी पिस्टन नामक व्यक्ति तक पहुंचाता है, जहां से पशुओं को अन्य स्थानों पर खपाया जाता है। पुलिस इसे अंतर्राज्यीय पशु चोरी गिरोह से जोड़कर जांच कर रही है। मामले में थाना नाराहट पुलिस ने रामजी कुशवाहा पुत्र शिवलाल, अरबाज पुत्र आजाद, महेंद्र राजा तथा पिस्टन समेत 3-4 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### जलभराव की गंभीर समस्या से निपटने के लिए प्रयास शुरू

# बरसात से पहले एक्शन मोड में नपा, शहर में तेज हुए नाला निर्माण और विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

आगामी बरसात में शहरवासियों को जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा विभिन्न वार्डों में नाला निर्माण एवं विकास कार्य तेज गति से कराए जा रहे हैं। गुरुवार को वार्ड नंबर 19 स्थित मोहल्ला नझाई बाजार में मां कर्मा बाई पार्क से जल संस्थान की ओर बनने वाले नाले का विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ भूमि पूजन किया गया। नपाध्यक्ष सोनाली जैन एवं वार्ड पार्षद आलोक जैन मयूर ने संयुक्त रूप से निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया।



नपाध्यक्ष ने कहा कि बरसात के समय शहर के कई इलाकों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे लोगों के घरों तक पानी पहुंच जाता है और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका द्वारा जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विभिन्न वार्डों में नाला निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मां कर्मा बाई पार्क से जल संस्थान तक बनने वाला नाला क्षेत्र की जलनिकासी व्यवस्था को बेहतर बनाएगा और स्थानीय नागरिकों को राहत मिलेगी। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने वार्ड नंबर 06 रामनगर में चल रहे नाला निर्माण कार्य, नव निर्मित सड़कों तथा कल्याण सिंह सभागार परिसर में बनाए गए महिला एवं पुरुष शौचालयों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रामनगर ऑडिटोरियम के पीछे निर्माणाधीन नाले का जायजा लेते हुए स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। मोहल्लेवासियों ने बताया कि वर्षों से नाला निर्माण न होने के कारण बरसात में घरों में पानी भर जाता था, लेकिन अब निर्माण कार्य शुरू होने से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है। इसके बाद अध्यक्ष ने गल्ला मंडी के सामने स्थित कॉलोनी में नव निर्मित सड़कों का निरीक्षण किया। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि पहले सड़कें न होने से कीचड़ और जलभराव के बीच आवागमन करना पड़ता था, लेकिन अब नई सड़कों के निर्माण से आवागमन सुगम और सुरक्षित हो गया है। निरीक्षण के दौरान एक महिला द्वारा सड़क निर्माण एवं जलभराव की समस्या बताने पर अध्यक्ष स्वयं उसके घर पहुंचीं और मौके पर निरीक्षण कर बरसात से पहले समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। साथ ही संबंधित सफाई निरीक्षक को वार्ड में साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका द्वारा वर्तमान में वार्ड नंबर 06 रामनगर और वार्ड नंबर 12 आजादपुरा में भी नाला निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है, ताकि बरसात से पहले शहर को जलभराव की समस्या से काफी हद तक मुक्त किया जा सके। इस दौरान अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, पार्षद प्रतिनिधि अमरदीप रजक, अवर अभियंता निधि पाण्डेय, विवेक जैन (जिमी), महेन्द्र सिंह यादव, राजदीप राजा, रितिक कटारे, बद्री कुशवाहा, मोहसिन खान, नसीर खान सहित नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### किराएदार बनकर आया ठग

## मेडिकल कॉलेज में नौकरी का झांसा देकर वृद्धा से 8.23 लाख की ठगी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर के मोहल्ला आजादपुरा तुवन टीला में किरायेदार बनकर रह रहे एक युवक द्वारा वृद्ध महिला से लाखों रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने पहले फर्जी पहचान बताकर मकान में कमरा किराये पर लिया, फिर खुद को मेडिकल कॉलेज का कर्मचारी बताकर महिला के बेटे को नौकरी दिलाने का झांसा दिया और धीरे-धीरे करीब 8 लाख 23 हजार की रकम हड़प ली।

पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आजादपुरा तुवन टीला निवासी 60 वर्षीय भगवती चौरसिया पत्नी रामसेवक चौरसिया ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब पांच माह पूर्व एक युवक उनके घर किरायेदार बनकर रहने आया था। उसने अपना नाम इटावा निवासी सौरभ राजपूत पुत्र राजेश कुमार राजपूत बताया था। आरोपी ने विश्वास जीतने के बाद परिवार से नजदीकी बढ़ा ली। पीड़िता के अनुसार एक दिन उन्होंने आरोपी से अपना आधार कार्ड अपडेट कराने की बात कही, जिस पर उसने मदद करने के बहाने आधार कार्ड अपने पास रख लिया। इसी दौरान आरोपी ने खुद को अमरपुर मेडिकल कॉलेज में कार्यरत लैब टेक्नीशियन बताते हुए उनके बेटे की नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया। नौकरी के नाम पर उसने महिला से विभिन्न किश्तों में रुपये मांगे। झांसे में आई वृद्ध महिला ने आरोपी को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के करीब 3 लाख 30 हजार के पांच अलग-अलग चेक सौंप दिए। इसके बाद आरोपी ने बैंक खातों की जानकारी और दस्तावेजों का दुरुपयोग करते हुए महिला के स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक खातों से करीब 4 लाख 93 हजार की अतिरिक्त रकम भी निकाल ली। पीड़िता ने बताया कि यह पूरी रकम उन्होंने अपनी बेटी निधि चौरसिया की शादी के लिए वर्षों से जमा कर रखी थी। जब लंबे समय तक नौकरी नहीं लगी और आरोपी टालमटोल करने लगा तो परिवार को शक हुआ। जांच-पड़ताल के दौरान आरोपी के पास मिले आधार कार्ड से उसके असली नाम का खुलासा हुआ। पता चला कि आरोपी का वास्तविक नाम इटावा के थाना बसरेहर अंतर्गत ग्राम असानन्दपुर निवासी चन्दकीराम पुत्र अचम्भेलाल है। आरोपी ने मकान मालिक और पुलिस को गुमराह करने के लिए फर्जी नाम सौरभ राजपूत का इस्तेमाल किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि साइबर सेल की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है।

### आधी रात को खनिज विभाग ने छापामारा कार्रवाई की

# लाल मुरुम का अवैध खनन पकड़ा, जेसीबी डंपर सीजकर ग्राम प्रधान पर एफआईआर की

### 4200 घन मीटर लाल मौरम और 1050 घन मीटर मिट्टी का अवैध उत्खनन उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले में अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आधी रात संयुक्त छापेमारी में लाल मौरम और साधारण मिट्टी के बड़े अवैध खनन का भंडाफोड़ किया है। खनिज विभाग, राजस्व, पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नैगांयकलां में छापा मारकर बिना अनुमति चल रहे खनन कार्य को पकड़ा। मौके से एक बिना नंबर की जेसीबी मशीन और एक डंपर को जब्त कर सीज कर दिया गया है। खान अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ चोरी और अवैध खनन का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिले में पिछले कई दिनों से ग्राम बुढ़वार और नैगांय कलां क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायतें सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से लगातार प्रशासन तक पहुंच रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खान अधिकारी अमितोष वर्मा के नेतृत्व में 18 मई की देर रात खनिज विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम गठित कर क्षेत्र में निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीम जब ग्राम नैगांय कलां स्थित गाटा संख्या 761 पर पहुंची तो वहां बड़े पैमाने पर चोरी-छिपे लाल मौरम और साधारण मिट्टी का अवैध उत्खनन एवं परिवहन होता मिला। प्रशासनिक टीम को देखकर मौके पर अफरा-तफरी मच गई। अधिकारियों ने मौके की पैमाइश कराई, जिसमें खुलासा हुआ कि खनन माफियाओं द्वारा करीब 4200 घन मीटर लाल मुरुम और 1050 घन मीटर साधारण मिट्टी का अवैध खनन कर उसे ठिकाने लगाया जा चुका था। इससे सरकार को लाखों रुपये के राजस्व और रायल्टी का नुकसान पहुंचाया गया। छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने मौके से एक बिना नंबर की जेसीबी मशीन और डंपर कब्जे में ले लिया। दोनों वाहनों को तत्काल प्रभाव से पुलिस अभिरक्षा में सुपुर्द कर सीज कर दिया गया। पूछताछ में चालकों ने बताया कि पूरा अवैध खनन कार्य कुआंतला के वर्तमान ग्राम प्रधान विजय सिंह राजपूत पुत्र प्रताप सिंह द्वारा कराया जा रहा था। मौके पर खनन संबंधी कोई वैध परमिट, पट्टा या अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं किया जा सका। खनन विभाग की तहरीर पर कोतवाली ललितपुर पुलिस ने आरोपी कुआंतला ग्राम प्रधान विजय सिंह राजपूत के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मामले की जांच उपनिरीक्षक अंकित कौशिक को सौंपी गई है। प्रशासन का कहना है कि जनपद में अवैध खनन के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले खनन माफियाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई जारी रहेगी और पकड़े जाने पर वाहन सीज करने के साथ कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### नलों और पाइपलाइनों के से गंदा व मटमैला पानी सप्लाई हो रहा

# दूषित व बदबूदार पेयजल आपूर्ति की जिलाधिकारी से शिकायत कर लोगों ने समाधान की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर में पेयजल आपूर्ति में आ रहे दूषित एवं बदबूदार पानी को लेकर स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि पिछले कुछ समय से नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी नलों और पाइपलाइनों के माध्यम से गंदा एवं मटमैला पानी सप्लाई हो रहा है, जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। शिकायत पत्र में बताया गया कि कई मोहल्लों में पानी अत्यधिक दूषित, मटमैला और बदबूदार आ रहा है। नागरिकों ने आशंका जताई है कि इस दूषित पानी के सेवन से बच्चों और बुजुर्गों में टाइफाइड, पीलिया, डायरिया तथा पेट संबंधी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। इसके साथ ही घरेलू उपयोग में भी लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने आरोप लगाया कि मुख्य



पेयजल पाइप लाइन में कहीं लीकेज या सीवर/नालियों का गंदा पानी मिल जाने के कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जल आपूर्ति लाइनों की तत्काल जांच कराकर दोष दूर कराया जाए। शिकायतकर्ताओं ने मांग की कि जल शुद्धिकरण संयंत्रों में क्लोरीनेशन एवं सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए तथा जब तक पाइपलाइन पूरी तरह ठीक न हो जाए, तब तक प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि यह समस्या जनस्वास्थ्य से जुड़ी हुई है, इसलिए प्रशासन को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करनी चाहिए ताकि लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल सके और बीमारियों की आशंका समाप्त हो।

### टीबी मरीजों की जांच पर जोर

## सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बांटी जा रहीं पोषण पोटलियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

क्षयरोग उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 100 दिवसीय विशेष टीबी खोज अभियान का द्वितीय चरण 24 मार्च से संचालित किया जा रहा है। शासन की मंशानुसार सीएमओ के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के तहत टीबी मरीजों की पहचान, जांच, उपचार एवं पोषण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। जिला क्षयरोग अधिकारी डा.रामनरेश सोनी ने बताया कि टीबी मरीजों के पोषण स्तर को बेहतर बनाने एवं उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से पोषण पोटली एवं पोषण किट का वितरण किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि टीबी एक पूर्णतः इलाज योग्य बीमारी है, बशर्ते मरीज नियमित रूप से दवा लें और उचित पोषण प्राप्त करें। पोषण पोटली जैसी पहल मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा निक्षय मित्र योजना भी संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत आमजन, अधिकारी एवं समाजसेवी संगठन टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके पोषण एवं उपचार में सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि निःक्षय मित्र बनकर क्षयरोगियों की सहायता करें और समाज में जागरूकता फैलाएं। डा.रामनरेश सोनी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जनपद में उच्च जोखिम वाली आबादी की विशेष स्क्रीनिंग की जा रही है। इसमें 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग, कुपोषित व्यक्ति, टीबी रोगियों के संपर्क में रहने वाले लोग, डायबिटीज एवं एचआईवी से ग्रसित मरीज तथा धूम्रपान और शराब का सेवन करने वाले व्यक्तियों को शामिल किया गया है। हाई रिस्क ग्रामों में स्क्रीनिंग के बाद जरूरतमंद लोगों के एक्स-रे, जांच एवं उपचार की भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि टीबी के प्रमुख लक्षणों में दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी रहना, लगातार बलगम आना, बलगम में खून आना, वजन कम होना, बुखार, सीने में दर्द, रात में पसीना आना, अत्यधिक थकान एवं शरीर में गांठ होना शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच करानी चाहिए। जिला क्षयरोग अधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी सरकारी चिकित्सालयों में टीबी की जांच एवं उपचार निःशुल्क उपलब्ध है। किसी भी व्यक्ति में टीबी के लक्षण दिखाई देने पर बिना देर किए नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर जांच अवश्य करानी चाहिए।

## नौकरी से निकाले जाने पर मेडिकल कॉलेज की महिला एचओडी को जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में पैथोलॉजी विभाग की महिला विभागाध्यक्ष को जान से मारने की धमकी देने और लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का गंभीर मामला सामने आया है।

मेडिकल कॉलेज की आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डा.श्रुति सिंह की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने एक पूर्व आउटसोर्सिंग कर्मचारी के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी पर आरोप है कि नौकरी से निकाले जाने के बाद वह महिला डॉक्टर पर नौकरी बहाल कराने का दबाव बना रहा था और मना करने पर झूठे आरोपों में फंसाने व हत्या की धमकी दे रहा था। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के पैथोलॉजी विभाग में कार्यरत आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डा. श्रुति सिंह (49 वर्ष) पुत्री नत्थू सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि आरोपी ग्राम बैरवारा निवासी शैलेन्द्र यादव पीओसीटी कंपनी के माध्यम से आउटसोर्सिंग कर्मचारी के रूप में पैथोलॉजी विभाग में तैनात था। ड्यूटी के दौरान उसके खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थीं। आरोप है कि वह ड्यूटी पर नशा करता था, जिसके चलते कंपनी ने उसकी सेवाएं समाप्त कर दी थीं। महिला विभागाध्यक्ष के अनुसार नौकरी जाने के बाद आरोपी बौखला गया और उसने उन्हें प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोपी लगातार अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फोन कर दबाव बना रहा है कि उसकी दोबारा नौकरी लगवाई जाए। आरोपी कथित तौर पर धमकी दे रहा है कि यदि नौकरी वापस नहीं मिली तो वह डा. श्रुति सिंह को मेडिकल कॉलेज में नौकरी नहीं करने देगा और उन पर रुपये लेने जैसे झूठे आरोप लगाकर शिकायत करेगा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी है। इतना ही नहीं, मेडिकल कॉलेज के अन्य कर्मचारियों से भी वह कह रहा है कि अगर उसकी नौकरी बहाल नहीं हुई तो वह कॉलेज के एक-दो लोगों को मार देगा। डा.श्रुति सिंह ने प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज प्रधानाचार्य, सीएमएस तथा महिला आयोग को भी भेजी है। कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया

**ललितपुर।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश ने बुधवार को विकास भवन परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक बाह्य निरीक्षण किया।




इस दौरान जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। निरीक्षण भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संपन्न कराया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा बताया गया कि ईवीएम भंडार कक्ष में सभी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को विधानसभावार सुरक्षित तरीके से रखा गया है। वेयरहाउस में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं तथा पूरे परिसर की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ईवीएम वेयरहाउस की सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त रखी जाएं तथा सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय के प्रधान सहायक धर्मेन्द्र मौर्य, चकबंदी कार्यालय एवं निर्वाचन कार्यालय के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से आप जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., बसपा से अनेक सिंह राजपूत एवं संजय चौधरी, इंडियन नेशनल कांग्रेस के जसपाल सिंह व राजा राजपाल सिंह तथा समाजवादी पार्टी से प्रमोद इमलिया सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कार्यकर्ताओं ने बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया

# आधुनिक भारत के निर्माता राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि गुरुवार को ललितपुर में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर की गई। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक युग की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।




उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी, कम्प्यूटर क्रांति और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत कर भारत के विकास की नई दिशा तय की। उनका जीवन देश सेवा और युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित रहा। मनरेगा बचाओ संघर्ष समिति जिला प्रभारी जसपाल सिंह ने कहा कि राजीव गांधी गरीब, किसान और मजदूर वर्ग के सच्चे हितैषी थे। उन्होंने गांवों के विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने भारत को 21वीं सदी की ओर ले जाने के लिए साहसिक निर्णय लिए, जिनमें कम्प्यूटर युग की शुरुआत सबसे महत्वपूर्ण रही। आज भारत का सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर क्षेत्र में विश्व बाजार में जो दबदबा है, उसमें उनकी दूरदर्शी नीतियों का बड़ा योगदान है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह चन्देल, महासचिव शशिकांत दीक्षित, नेहा तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राजा राजपाल सिंह, बृजेश शांडिल्य, हीरालाल सेन, सूर्या राजा, पवन विश्वकर्मा, बॉबी राजा, रफीक अली, सुनील अहिरवार, महेश रजक, गजेन्द्र सिंह, रघुवीर सिंह, सोहन सिंह, चीकू पठान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन एवं आभार पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश रजक ने व्यक्त किया।

घिरी सड़क से लोगों में नाराजगी, कहीं से वाहन निकालना दुश्वार तो कहीं राहगीर परेशान

# भेरू दरवाजा रोड पर निकलना मुश्किल दुकानों के बोर्ड, बैनर-वाहन बने बाधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर में सड़कों पर अतिक्रमण की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। हालांकि यह कोई नई बात नहीं है, लेकिन जब मुख्य सड़कें ही पार्किंग स्थल में तब्दील होने लगें तो आमजन की परेशानी बढ़ना स्वाभाविक है।

ऐसा ही नजारा प्रतिदिन सारंगपुर के मुख्य मार्ग भेरू दरवाजा रोड पर देखने को मिल रहा है, जहां सड़क पर अव्यवस्थित पार्किंग और अतिक्रमण के कारण लोगों को निकलने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। स्थिति यह है कि सड़क के दोनों ओर दुकानदारों द्वारा सामान फैलाने के साथ-साथ बैनर, पोस्टर और बड़े-बड़े बोर्ड लगा दिए गए हैं। वहीं दुकानों पर आने वाले ग्राहक एवं कई दुकानदार अपने वाहन भी सड़क पर इस प्रकार खड़े कर देते हैं मानो सड़क निजी पार्किंग स्थल हो। इसके कारण मार्ग संकरा हो जाता है और दिनभर जाम जैसी स्थिति बनी रहती है।

सड़क पर एक ओर ठेले वाले अपनी रोजी-रोटी के लिए खड़े रहते हैं, तो दूसरी ओर अव्यवस्थित पार्किंग समस्या को और बढ़ा देती है। कई बार नगर पालिका और पुलिस प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाती है, लेकिन कुछ दिनों बाद स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा नियमित और सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले समय में समस्या और गंभीर हो सकती है।

अब जागरूक नागरिक सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे को उठा रहे हैं और पोस्ट वायरल कर रहे हैं कि "यह सड़क नहीं, पार्किंग स्थल बन चुका है।"अब देखना यह होगा कि पुलिस और नगर पालिका प्रशासन इस समस्या पर कब गंभीरता से ध्यान देता है।

## कुरावर में स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत विशेष सफाई अभियान जारी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर परिषद द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत विशेष सफाई अभियान लगातार चलाया जा रहा है। नगर परिषद सीएमओ लीलाधर सेन के नेतृत्व में नगर के विभिन्न वार्डों एवं सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक स्तर पर सफाई कार्य किए जा रहे हैं। अभियान के तहत नालियों की विशेष सफाई, डिवाइडरों की सफाई, नागरिकों से फीडबैक प्राप्त करना एवं टीचिंग मैदान चांद बड़ली क्षेत्र में दवा छिड़काव कराया गया। साथ ही कैसोलिक पावडर एवं फेनोलिक पावडर का उपयोग कर स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाया गया। नगर परिषद द्वारा जेसीबी मशीन के माध्यम से कचरा संग्रहण कार्य भी किया जा रहा है। इसके अलावा "जल गंगा संवर्धन अभियान" के तहत कुआं एवं बावड़ी की सफाई, जल बचाओ-जल संरक्षण को लेकर मुनादी कर आमजन को जागरूक किया गया। शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए वार्ड स्तर पर प्रभारी दलों का गठन भी किया गया है।

नगर परिषद की टीम द्वारा शहर के प्रत्येक वार्ड एवं गलियों का भ्रमण कर नागरिकों की सफाई, पेयजल एवं विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी दीपक राठौर एवं नगर के स्वच्छता अधिकारी अरविंद मिश्रा ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर की रैंकिंग सुधारने हेतु सीएमओ लीलाधर सेन के निर्देशन में विगत वर्ष की तुलना में अधिक प्रयास किए जा रहे हैं और नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए निरंतर अभियान जारी रहेगा।



# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में मेडिकल स्टोर्स बंद, प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

ऑनलाईन दवा बिक्री के विरोध में बुधवार को सारंगपुर सहित पूरे राजगढ़ जिले के मेडिकल संचालकों ने अपनी दुकानों को सांकेतिक रूप से बंद रखा। जिला राजगढ़ औषधि विक्रेता संघ के बैनर तले मेडिकल संचालकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम तहसीलदार आकाश शर्मा को ज्ञापन सौंपकर ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में मेडिकल संचालकों ने बताया कि बिना स्पष्ट कानूनी प्रावधानों के ऑनलाइन माध्यम से दवाओं की बिक्री की जा रही है, जिससे मरीजों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है।

उन्होंने कहा कि फर्जी प्रिसक्रिप्शन के आधार पर दवा वितरण, बिना चिकित्सकीय सलाह के दवाओं की उपलब्धता और भारी छूट देकर दवाओं की बिक्री जैसी गतिविधियां स्वास्थ्य व्यवस्था को प्रभावित कर रही हैं।मेडिकल संचालकों ने यह भी कहा कि ऑनलाइन दवा कंपनियों की वजह से छोटे मेडिकल व्यवसायियों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति बन रही है।

ज्ञापन में मांग की गई कि अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। संघ पदाधिकारी रूपेश जोशी ने बताया कि यह आंदोलन ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एवं मध्यप्रदेश राज्य केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर किया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान शकील अली,शोएब मंसूरी सहित बड़ी संख्या में मेडिकल संचालक उपस्थित रहे।

## दवा विक्रेताओं ने बंद रखीं मेडिकल दुकानें, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



दवा विक्रेताओं द्वारा एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल रखकर दुकानदारों द्वारा अपने प्रतिष्ठान बंद रखें। जिला राजगढ़ औषधि विक्रेता संघ के आव्हान पर नगर के दवा विक्रेताओं द्वारा अपने प्रतिष्ठान बंद रखे , एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल के रूप में रखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया , जिसमें संभागीय आयुक्त , जिला कलेक्टर , एसडीएम को भी ज्ञापन प्रेषित किया गया। औषधि विक्रेता संघ ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री जन स्वास्थ्य पर उत्पन्न गंभीर खतरे तथा छोटे केमिस्टों के संरक्षण हेतु तत्काल हस्तक्षेप किए जाने हेतु। विभिन्न बिंदुओं जिसमें अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री के विरुद्ध तत्काल एवं कठोर कार्रवाई की जाए। बिना वेध एवं सत्यापित ई-प्रिस्क्रिप्शन दवा की बिक्री एवं होम डिलीवरी बंद की जाए। जीआरएस बी 17 (ई) एवं जीआरएस 220 (ई) को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए , ऑनलाइन प्लेटफॉर्म द्वारा अपनाई जा रही अत्यधिक छूट नीति पर रोक लगाई जाए जैसे विभिन्न बिंदुओं की मांग की।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय मास्टर वालंटियर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय मास्टर वालंटियर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम म.प्र. जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान (वाल्मी), भोपाल द्वारा आयोजित किया गया।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मास्टर वालंटियर्स की भूमिका, नशा मुक्ति अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के बेहतर संचालन हेतु आवश्यक तकनीकी एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में प्रशिक्षण समन्वयक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय विभाग भोपाल के डॉ. अतुल कुमार रायजादा, वाल्मी से नीरज बादिल एवं संगीता त्रिपालियाएवं डिप्टी कलेक्टर डॉ. ज्योति बगबैया तथा जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अर्पित गुप्ताउपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नशे से होने वाले बुरे प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, बिना नशे के जीवन के महत्व को बताया गया एवं इसे जमीनी स्तर पर नशा मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु अत्यंत उपयोगी बताया। उद्देश्य मास्टर वालंटियर्स को सशक्त बनाकर नशा मुक्ति को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनहितकारी बनाना रहा।

## पेंशनर संघ जिला सम्मेलन 24 को

जीरापुर। पेंशनर संघ के तत्वावधान में जिला स्तरीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 24 मई को भावसार धर्मशाला में रखा गया है। पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने बताया कि यह आयोजन भावसार समाज धर्मशाला में प्रातः 11.30 बजे से प्रारंभ होगा। जिसमें विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नए पेंशनर का स्वागत तथा स्थानीय तथा जिले के अतिथि पेंशनर का को सम्मानित किया जाएगा। समस्त पेंशनर को आमंत्रण पत्र भेजकर सादर आमंत्रित किए गए हैं। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित दिनेशकुमार नागर जिला अध्यक्ष पेंशन राजगढ़ करेंगे।

# भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मप्र आदिवासी वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित योजनाएँ भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना दोनो योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति के युवकध्युवतियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु बैंक के सहयोग से एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना अंतर्गत उद्योग (विनिर्माण) के लिए 1 लाख रूपये से 50 लाख रूपयेतक की उद्योग परियोजनाएँ जैसे एग्रो प्रोसेसिंग, फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज, मिल्क प्रोसेसिंग इसी प्रकार की अन्य सभी प्रकार की परियोजनाएँ। सेवा एवं खुदरा व्यवसाय हेतु 1 लाख रूपयेसे 25 लाख रूपये तक जैसे ब्यूटी पार्लर, वाहन मरम्मत, फूटवेयर मरम्मत, होटल, ढाबा, मोबाईल रिपेरिग, किराना व्यवसाय, कपडा व्यवसाय एवं अन्य व्यवसाय हेतु। पात्रता अनुसूचित जनजाति का सदस्य हो, शैक्षणिक योग्यता 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण, आय सीमा परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रूपयेसे अधिक न हो, आवेदक किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था से का डिफाल्टर न हो, आवेदक वर्तमान में राज्य अथवा केन्द्र सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का हितग्राही न हो, आयु 18 से 45 वर्ष होना चाहिए। वाहन हेतु ड्राईविग लाईसेंसएवं वाहन का कोटेशन।वित्तीय सहायता ब्याज अनुदान हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित ६ शेष ऋण पर 5 प्रतिशत अथवा वास्तविक (जो भी कम हो) की दर से ब्याज अनुदान 7 वर्षों तक (मोटोरियम अवधि सहित) नियमित रूप से ऋण भुगतान (निर्धारित समय सीमा एवं राशि) की शर्त पर निगम द्वारा त्रैमासिक दिया जाएगा।

टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना सभी प्रकार के स्वरोजगार योजना हेतु 10 हजार रूपयेसे लेकर 1 लाख रूपयेतक की परियोजनाएँपात्रता अनुसूचित जनजाति का सदस्य हो, शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता नहीं हैं, आय सीमा आवेदक आयकर दाता न हो, आवेदक किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था से का डिफाल्टर न हो, आवेदक वर्तमान में राज्य अथवा केन्द्र सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का हितग्राही न हो, आयु 18 से 55 वर्ष होना चाहिए। वित्तीय सहायता ब्याज अनुदान हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित शेष ऋण पर 7 प्रतिशत अथवा वास्तविक (जो भी कम हो) की दर से ब्याज अनुदान 5 वर्षों तक (मोटेरियन अवधि सहित) नियमित रूप से ऋण भुगतान (निर्धारित समय एवं राशि) की शर्त पर निगम द्वारा त्रैमासिक दिया जाएगा।

# ऑनलाइन दवा बिक्रय के विरोध में अशोकनगर शहर के मेडिकल स्टोर बंद रहे, रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




जिला कैमिस्ट एशोसियसन ने ऑनलाईन दवा विक्रय के विरोध में वुधवार को रैली निकालकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान शहर से लेकर जिले भर तक की दवाओं की दुकानें बंद रहीं। इस दौरान कैमेस्टि एशोसियसन ने अशोकनगर शहर में रैली निकाली जिसमें जिले भर के दवा विक्रता शामिल हुए।

इस दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि ऑन लाईन ई-फार्मेसी के अनियंत्रित संचालन और बड़ै कॉर्पोरेट द्वारा प्री डेटोरी प्राइसिंग के कारण छोटे और मध्यम मेडीकल संचालकों के सामने अस्तित्व का संकट पैदा हो गया है। इस दौरान कैमेस्टि एशोसियसन ने केन्द्र सरकार से 28 अगस्त 2018 और 26 मार्च 2020 की अधिसूचना वापिस लेने की मांग की। दवा विक्रेताओं का कहना है कि यह अधिसूचना कोरोना काल में जारी की गई थी, जिसका अब दुरूपयोग किया जा रहा है।

मेडीकल व्यापार में बड़े कॉर्पोटस द्वारा भारी छूट से निष्पक्ष व्यापार की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। यह भी देखने में आ रहा है कि बिना डॉक्टरों के पर्चे के दवाओं की विक्री एंटीवाइटिक और आदत बनाने वाली दवाईयां आसानी से उपलब्ध कराई जा रही है। दवा विक्रेताओं की हड़ताल के कारण अशोकनगर शहर के मेडीकल स्टोर पूरे दिन बंद रहे। कई उपभोक्ता दवाईयों के लिए भटकते रहे।

# पिपरई नगर में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पर कार्रवाई कर कब्जा मुक्त करवाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार शासकीय जमीनों पर जो अवैध कब्जे किए गए हैं। उनके ऊपर कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसके पालन में आज नगर में जो शासकीय जमीन पर कब्जा किये हैं उन पर कार्रवाई कर कब्जा मुक्त करवाया। वुधवार को अनुविभागीय अधिकारी इसरार खान मुंगावली, तहसीलदार अंजली कुमार तहसील पिपरई एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक वर्मा नगर परिषद पिपरई की उपस्तिथि मे भूमि स्थित पिपरई के शासकीय सर्वे क्रमांक 236 रकवा 0.523 हे० भूमि का राजस्व निरीक्षक महोदय एवं हल्का पटवारी द्वारा सीमांकन किया गया सीमांकन में उपरोक्त भूमि पर फजीलत बी बेवा गुलाम खां जाति मुसलमान, हाफिज खां पुत्र बस्सु खां जाति मुसलमान , ललित पुत्र सुनील सोनी जाति सोनी का कॉलोनी के लिये रास्ता बनाकर एवं तार फेंसिंग कर अतिक्रमण भूमि का गाइड लाईन के अनुसार बाजार मूल्य 1583777 रूपये है एसडीएम इसरार खान ने कलेक्टर साकेत कुमार मालवीय के निर्देश अनुसार यह शासकीय जमीन पर कार्रवाई कर कब्जा मुक्त करवाया है।

## लगातार बिजली कटौती के विरोध में युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

शाढ़ौरा। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर बुधवार को युवक कांग्रेस के बैनर तले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया तथा संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर विद्युत व्यवस्था में सुधार की मांग की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अघोषित बिजली कटौती से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच बार-बार बिजली जाने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

# "जीवन मूल्य" राष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता में साहित्यकार सारंग को मिला छठवां स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



हरियाणा के रोहतक जिले स्थित आचार्य अकादमी चूलियाना द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता में सारंगपुर के वरिष्ठ साहित्यकार, कवि एवं चित्रकार सुशील व्यास सारंग को छठा स्थान प्राप्त हुआ है। प्रतियोगिता का विषय "जीवन मूल्य" था, जिसमें देशभर के हिंदी भाषी साहित्यकारों एवं कलमकारों ने सहभागिता की। अकादमी द्वारा समय-समय पर राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जिसके माध्यम से प्रतिभागियों को नवीन विषयों पर चिंतन, सृजन एवं साहित्यिक प्रतिभा को निखारने का अवसर प्राप्त होता है। प्रतियोगिता में चयनित दस प्रतिभागियों में स्थान प्राप्त कर श्री व्यास ने नगर का गौरव बढ़ाया है। श्रीव्यास सारंग की कविताएं, गीत एवं रचनाएं विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में निरंतर प्रकाशित होती रहती हैं। उनकी साहित्यिक रचनाओं में आध्यात्मिकता, राष्ट्रभावना एवं मानवीय मूल्यों की विशेष झलक दिखाई देती है। मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा उनकी पुस्तक "जलता रहूं दीप बनकर" भी शीघ्र प्रकाशित होने जा रही है। वे नगर में समय-समय पर काव्य गोष्ठियों एवं साहित्यिक आयोजनों का संचालन कर साहित्यिक वातावरण को सक्रिय बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। नगर में हर्ष का वातावरण है। इसमें राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल सहित जितेंद्र पाठक, वरिष्ठ साहित्यकार मुरलीधर सोनी, सत्यनारायण शर्मा, पेंशनर संघ अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण त्रिकार आदि समेत कई लोग मौजूद थे।

**कार्यालय नगर परिषद बुधनी जिला सीहोर म.प्र.**
Email: cmobudni@mpuraban.gov.in Tel no 07565-235558

क्र- /mptenders/2026/1012 दिनांक - 21/05/2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

कार्य का विवरण निम्नानुसार हैं।

| क्र | ई-टेण्डर आईडी | कार्य का नाम एवं कार्यस्थल | अनु. लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा क्रम संख्या | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_509703_1 | नगरीय क्षेत्र बुधनी के वार्ड क्रमांक 04 में 40 दुकान निर्माण कार्य । | 1,023,3,911/- | 52,000/- | 12500/- | द्वितीय | 06 माह |
| 2. | 2026_UAD_509704_1 | नगरीय क्षेत्र बुधनी के वार्ड क्र. 14 में माना आवास कालोनी के समीप धर्मशाला निर्माण कार्य । | 76,11,603/- | 58,000/- | 10000/- | द्वितीय | 06 माह |
| 3. | 2026_UAD_509705_1 | नगरीय क्षेत्र बुधनी के वार्ड क्रमांक 03 में सब्जी मंण्डी का समग्र विकास निर्माण कार्य। | 1,28,97,823/- | 65,000/- | 12500/- | द्वितीय | 06 माह |

उक्त कार्यों के निविदा प्रपत्र वेबसाईट पर ऑन लाईन भुगतान कर प्राप्त हो सकेगें। उपरोक्त सभी कार्यों में जी.एस.टी. का भुगतान निम्नानुसार पृथक से किया जाएगा।

टीप:- विस्तृत निविदा सूचना तथा अन्य जानकारी दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करने के लिए http://www.mptenders.gov.in पर सुविधा उपलब्ध हैं। निविदा संबंधी शर्ते एवं अन्य जानकारी के लिए कार्यालय नगर परिषद बुधनी पर संपर्क करें। निविदा में संशोधन की जानकारी पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नही की जावेगी। समस्त संशोधन ऑनलाईन पोर्टल पर दर्ज कराये जावेगे।

**संतोष रघुवंशी**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**

**सुनीता अर्जुन मालवीय**
**अध्यक्ष नगर परिषद बुधनी**